हम सब भोले की संतान महेश्वरी नाम है लिरिक्स

हम सब भोले की संतान,
महेश्वरी नाम है,
दिन यह बड़ा सुहाना पावन,
महेश नवमी नाम है।bd।

आशीर्वाद दिया भोले ने,
लोहार्गल धाम में,
यह उत्पत्ति दिवस हमारा,
महेश नवमी नाम है,
बहतर खाप की उत्पत्ति,
भोले मेहरबान है,
दिन यह बड़ा सुहाना पावन,
महेश नवमी नाम है।bd।

प्रभात फेरी शोभायात्रा,
से हर मन हर्षाया,
मिलकर साथ करेंगे भोजन,
अपनों का संग पाया,
'मंत्री' देता है बधाई,
सबको को प्रणाम है,
दिन यह बड़ा सुहाना पावन,
महेश नवमी नाम है।bd।

नवमी के इस दिन की देखो,
बात बड़ी मतवाली,
समाज पूरा साथ में होता,
मिलती है खुशहाली,
दिन भर होते हैं आयोजन,
मिलता सबको मान है,
दिन यह बड़ा सुहाना पावन,
महेश नवमी नाम है।bd।

यूँ ही कृपा रहे भोले की,
सर पर इनका हाथ हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ये जन्म तो सुधर गया प्रभु,
अगला इन्हीं के साथ हो,
हमें गर्व है कि जग में,
सबसे ऊंचा नाम है,
दिन यह बड़ा सुहाना पावन,
महेश नवमी नाम है।bd।

हम सब भोले की संतान,
महेश्वरी नाम है,
दिन यह बड़ा सुहाना पावन,
महेश नवमी नाम है।bd।

गायक एवम लेखक – द्वारका मंत्री।
देवास 9425047895

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com